an>

Title: Need to allocate fund to solve the problem of drinking water crisis in Jaipur Parliamentary Constituency, Rajasthan.

श्री रामचरण बोहरा (जयपुर): माननीय सभापति महोदय, मैं माननीय प्रधान मंत्री जी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ कि आपने शहरी जल मिशन के लिए 2.87 लाख करोड़ का प्रावधान किया है। मैं आपके माध्यम से माननीय जल शक्ति मंत्री जी का जयपुर संसदीय क्षेत्र में व्याप्त पेयजल की विकट समस्या की ओर ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ। जयपुर का तेजी से विस्तार के कारण पेयजल की काफी समस्या हो गई है। प्राचीन समय से जयपुर का प्रमुख पेयजल स्रोत रामगढ़ बांध रहा है, लेकिन यह बांध आज अतिक्रमण का शिकार होकर अपनी पहचान खोने की कगार पर है।

सभापति महोदय, जयपुर की जनसंख्या में तीव्र गति से वृद्धि हो रही है। कालोनियों के बनने के कारण आज अनेक क्षेत्र पेयजल के गंभीर संकट से गुजर रहे हैं। जयपुर की सबसे बड़ी आवासीय योजना पृथ्वीराज नगर में पेयजल का गंभीर संकट है। साथ ही, जयपुर संसदीय क्षेत्र में स्थित अजमेर रोड, सिरसी रोड, सांगानेर, जगतपुरा, आगरा रोड एवं सीकर रोड सहित अन्य इलाकों में लगभग ढाई हजार मल्टीस्टोरी बिल्डिंग्स बनने के कारण आज वहां पेयजल का संकट उत्पन्न हो गया है। वहां आज भी पेयजल कनेक्शन्स नहीं हैं। इन कालोनियों में रहने वाले लोगों को निजी पेयजल प्रदाताओं से टैंकरों द्वारा पानी प्राप्त करना पड़ता है।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय जल शक्ति मंत्री जी से आग्रह करना चाहूंगा कि इन क्षेत्रों में पेयजल की गंभीर समस्या को देखते हुए जयपुर संसदीय क्षेत्र के लिए विशेष पेयजल योजना बनाकर अतिरिक्त धनराशि आवंटित कराएं, ताकि इन क्षेत्रवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सके। धन्यवाद।

माननीय सभापति: मैं फिर अनुरोध कर रहा हूं कि धैर्य रखिए और किसी को भी सदन से जाना नहीं है।

श्री हनुमान बेनीवाल (नागौर): सभापति जी, कल भी लोग चले गए थे, लास्ट में केवल पांच लोग रह गए थे। जो कल देर तक रुके थे, उनको तीन-तीन मिनट समय अलग से दीजिए।

माननीय सभापति: ठीक है, आप बैठिए ।

श्री दिनेश चन्द्र यादव ।